भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
10.07.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2806 का उत्तर

निर्माणाधीन रेल परियोजनायें

2806. श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दक्षिण मध्य रेल (एससीआर) ने नवीन/जारी रेल परियोजनाओं की समीक्षा करने और आंध्र प्रदेश में बिछाए जाने वाले नवीन मार्गों को अंतिम रूप देने के लिए भी कोई बैठक की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और परिणाम क्या है और प्राप्त मांगों/उन पर की गई कार्रवाई का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो ऐसी बैठक कब तक होने की संभावना है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

Sk

निर्माणाधीन रेल परियोजनाओं के संबंध में 10.07.2019 को लोक सभा में श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ के अतारांकित प्रश्न सं. 2806 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग): जी हां।

राष्ट्र के समग्र हित में और परियोजनाओं को लागत में वृद्धि के बिना समय पर नियोजित और पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए रेलों पर विभिन्न स्तरों (फील्ड स्तर, मंडल स्तर, क्षेत्रीय स्तर और बोर्ड स्तर) पर काफी निगरानी रखी जाती है और राज्य सरकार और संबंधित प्राधिकरणों के पदाधिकारियों के साथ नियमित रूप से बैठकें आयोजित की जाती हैं ताकि परियोजनाओं की प्रगति में बाधा उत्पन्न करने वाले लंबित मुद्दों का समाधान किया जा सके और इस प्रकार की बैठकें नियमित प्रक्रिया है।

उपर्युक्त आधार पर, आन्ध्र प्रदेश राज्य में 25599 करोड़ रु. की लागत वाली 2027 किमी. लम्बी नई लाइन परियोजनाएं नियोजन/अनुमोदन/निष्पादन के विभिन्न स्तरों पर हैं और मार्च 2019 तक 2834 करोड़ रु. के खर्च के साथ 186 कि.मी. लम्बी लाइन को यातायात के लिए खोल दिया गया है।

प्रत्येक परियोजना पर व्यय किए गए धन, धन के आबंटन और व्यय सहित सभी चालू कार्यों और नए कार्यों का विवरण, भारतीय रेल की वेबसाइट अर्थात् www.indianrailways.gov.in >Ministry of Railways >Railway Board >About Indian Railways >Railway Board Directorates >Finance(Budget) >2019-20_List_of_Works अथवा पिंक बुक 2018-19 अथवा पिंक बुक 2017-18 अथवा पिंक बुक 2016-17 में सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाता है।

******

Sk